HCF

# विदेशी आगंतुकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पुस्तिका

जून 2023



# हमारे साथ ऑस्ट्रेलिया का मज़ा लें

**चाहे आप कहीं से भी आ रहे/रही हों और कितने भी समय के लिए यहाँ रहने की सोच रहे/रही हों, हम जानते हैं कि आपको यहाँ बहुत अच्छा लगेगा।**

हम समझते हैं कि जब आप किसी नए देश में जाते/जाती हैं, तो आपको हेल्थकेयर के बारे में बहुत कुछ जानने की आवश्यकता होती है। इसलिए हमने इसे सरल बनाने की कोशिश की है, ताकि आपको इस बात की तसल्ली हो जाए कि जब तक आप ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे/रहेंगी, तो आपकी सेहत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अतिरिक्त कोशिश के ज़रिए हम आपको दिखाना चाहते हैं कि हमें आपकी परवाह है।



# हमारे लिए आपकी सेहत से बढ़कर कुछ नहीं है


## राष्ट्रीय डॉक्टर नेटवर्क

चिकित्सकों के हमारे विस्तृत नेटवर्क में से कोई भी चिकित्सक (GP) चुनें और यदि आपके बीमे में चिकित्सक की सेवाएँ शामिल हैं, तो आपको एपॉइंटमेंट का 100% शुल्क वापिस मिल सकता है।



## ऑस्ट्रेलिया का तीसरा सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमाकर्ता

हम जो कुछ भी करते हैं, अपने 17 लाख सदस्यों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हमारे पास अत्यधिक अनुभव और जानकारी है, जिससे हम आपके ऑस्ट्रेलिया में बिताए जाने वाले समय के दौरान आपके स्वास्थ्य की देख-भाल करने में सहायता कर सकते हैं।




## 24/7 हेल्पलाइन

यदि आपको या आपके परिवार को डॉक्टर या अस्पताल खोजने की आवश्यकता है, या आपके पास स्वास्थ्य के बारे में प्रश्न हैं, तो हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर कॉल करें, फिर 2 दबाएँ।
हमारे दोस्ताना विशेषज्ञ कई अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं और आपकी सहायता के लिए तैयार रहते हैं।




## हम आपके शुल्क को कम करने में सहायता करेंगे

यदि आपको या आपके किसी प्रिय व्यक्ति को अस्पताल में इलाज करवाना पड़े, तो निजी अस्पतालों का हमारा बड़ा नेटवर्क आपको अधिक चयन और कीमत को कम करने के विकल्प देता है।



## आपातस्थितियों में एम्बुलेंस कवर


हर बीमे में ऑस्ट्रेलिया-भर में आपातस्थिति में नज़दीकी अस्पताल के लिए एम्बुलेंस द्वारा यात्रा का कवर शामिल है।



# ऑस्ट्रेलियाई हेल्थ कवर के बारे में जानकारी

**ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा तंत्र उत्कृष्ट कोटि का है और एचसीएफ (HCF) आपको यह समझने में सहायता देगा कि आप इसका इस्तेमाल कैसे करें। ऑस्ट्रेलियाई तंत्र के दो स्तर हैं: सरकारी धन से चलने वाला मेडिकेयर और प्राइवेट हेल्थ सिस्टम, जिसमें आपको बीमे के लिए पैसा देना पड़ता है। ये दोनों मिलकर ऑस्ट्रेलियाई लोगों को स्वास्थ्य का बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं।**






## मेडिकेयर किस तरह काम करता है?

मेडिकेयर हमारा सार्वजनिक हेल्थकेयर सिस्टम है और यह ऑस्ट्रेलिया के सभी निवासियों को हेल्थकेयर प्रदान करता है। इसके अंतर्गत सरकारी अस्पतालों में भर्ती ऑस्ट्रेलिया के निवासियों का नि:शुल्क इलाज होता है और अस्पताल से बाहर के कुछ चिकित्सीय खर्चों में भी राहत दी जाती है, जैसे रक्तजाँच और एक्स-रे। मेडिकेयर उन देशों के पात्र आगंतुकों के लिए उपलब्ध है, जिनका ऑस्ट्रेलिया के साथ एक रेसिप्रोकल हेल्थ केयर एग्रीमेंट (RHCA) है।

यह जान लेना महत्त्वपूर्ण है कि यदि आप RHCA के/की पात्र हैं, तो भी मन की तसल्ली के लिए प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस लेना बढ़िया होगा क्योंकि मेडिकेयर केवल आवश्यक चिकित्सीय देख-भाल को ही कवर करता है। मेडिकेयर के तहत प्राइवेट अस्पताल में इलाज, आपातस्थिति में एम्बुलेंस के इस्तेमाल और दाँतों की चिकित्सा और फ़िज़ियोथेरेपी जैसी सेवाएँ कवर नहीं की जाती हैं। इनके लिए HCF प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### रेसिप्रोकल हेल्थकेयर एग्रीमेंट

और अधिक जानकारी के लिए डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसिज़ की वेबसाइट **humanservices.gov.au/medicare** पर 'RHCA' के लिए सर्च करें।

## प्राइवेट हेल्थकेयर किस तरह काम करता है?

यदि आप किसी ऐसे देश से आ रहे/रही हैं जिसका ऑस्ट्रेलिया के साथ RHCA नहीं है, तो प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस लेना बहुत अच्छा होगा क्योंकि हो सकता है कि आपको यहाँ रहते हुए चिकित्सा की आवश्यकता पड़ जाए जिसकी कीमत काफ़ी अधिक हो सकती है।

### इसमें क्या-क्या शामिल है?

प्राइवेट हेल्थ सिस्टम में HCF जैसे प्राइवेट हेल्थ बीमा प्रदाता, प्राइवेट अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता शामिल हैं, जैसे दंत चिकित्सक, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट। HCF ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर का इस्तेमाल इनके लिए किया जा सकता है:

- आपातस्थिति में एम्बुलेंस यात्रा
- अस्पताल में इलाज
- चिकित्सीय उपचार
- अनेक तरह की अन्य सेवाएँ, जैसे फ़िज़ियोथेरेपी और दंत चिकित्सा

कौन-कौन सी चिकित्सा और प्रोसीजर के लिए आप क्लेम कर सकते/सकती हैं, यह आपके द्वारा चुने गए बीमे के स्तर पर निर्भर करता है।

अनेक आगंतुकों के लिए वीज़ा की एक शर्त होती है कि वे प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस करवाएँ, इसलिए वीज़ा का आवेदन करने से पहले इस बारे में पुष्टि कर लें ताकि आप सही स्तर का बीमा चुनें। ऐसा आप डिपार्टमेंट ऑफ़ होम अफेयर्स की वेबसाइट **homeaffairs.gov.au** पर जाकर कर सकते/सकती हैं।

# HCF आपके लिए सही क्यों है

**HCF का ओवरसीज़ विज़िटर्स हेल्थ कवर (OVHC) उन लोगों के लिए उचित प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस है, जो ऑस्ट्रेलिया में वर्क वीज़ा या विजिटर वीज़ा पर कुछ समय के लिए रहना चाहते हैं।**

कुछ प्रकार के वीज़ा की यह शर्त होती है कि ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान आप प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस करवाएँ। यदि आप पर यह शर्त न भी लागू होती हो, तो भी आपके लिए ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर लेना अच्छा होगा, ताकि आवश्यकता होने पर आप आसानी से हेल्थकेयर सेवाओं का इस्तेमाल कर सकें।

ऐसा इसलिए है क्योंकि चिकित्सीय सेवाओं के लिए स्वयं ख़र्चा वहन करना बहुत महँगा हो सकता है।

आप किस स्तर का बीमा चुनते/चुनती हैं, उसके आधार पर आपका HCF बीमा आपकी अस्पताल में भर्ती और अन्य सेवाओं को कवर कर सकता है, जैसे:

- डॉक्टर के पास जाना
- रक्तजाँच और एक्स-रे
- दंत चिकित्सा
- नज़र का चश्मा और कॉन्टैक्ट लेंस
- फ़िज़ियोथेरेपी

HCF के किसी भी स्तर के OVHC में आपातस्थिति के लिए एम्बुलेंस सेवाएँ शामिल होती हैं।

### HCF नेटवर्क क्या है?

HCF नेटवर्क में अनेक अस्पताल, चिकित्सक और विशेषज्ञ शामिल हैं, जो आपके बीमे में शामिल सभी तरह के इलाज और सेवाओं के लिए आपको अतिरिक्त ख़र्चों से बचने में सहायता देते हैं।

### HCF अस्पताल नेटवर्क

ऑस्ट्रेलिया-भर में अधिकांश निजी अस्पतालों के साथ हमारे समझौते हैं। हमारे नेटवर्क के किसी अस्पताल में जाने से आप अपने बीमा द्वारा कवर किए जाने वाले इलाज और सेवाओं की अपनी कीमत को कम कर सकते/सकती हैं (यदि आपके बीमे में एक्सेस लागू है, तो वह इसमें शामिल नहीं है)।

यदि आप किसी ऐसे निजी अस्पताल में जाते/जाती हैं जो हमारे नेटवर्क में नहीं है, तो आपके द्वारा वहन की जाने वाली राशि बहुत अधिक हो सकती है। यह सुनिश्चित करें कि हमारे नेटवर्क के किसी अस्पताल की जानकारी लेने के लिए आप हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)।

यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इलाज करवाने से पहले आप अस्पताल से पूछ लें कि आपको क्या-क्या ख़र्चे वहन करने होंगे, ताकि आपको ठीक से पता हो कि आपका कितना ख़र्चा होगा।

### HCF डॉक्टर नेटवर्क

यदि आपको स्वास्थ्य-संबंधी कोई समस्या है, तो ऑस्ट्रेलिया में शायद सबसे पहले आप एक नियमित डॉक्टर (इन्हें जनरल प्रैक्टिशनर या GP कहते हैं) के पास जाएँगे/जाएँगी। HCF के पास डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय नेटवर्क है, अपने नज़दीकी GP के बारे में पता लगाने के लिए हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)।

यदि आपका बीमा डॉक्टर की सेवाओं के लिए कवर देता है और आप हमारे नेटवर्क में किसी GP के पास जाते/जाती हैं, तो आपका बीमा इसकी कीमत का 100% तक कवर देगा। यदि आप किसी ऐसे GP के पास जाते/जाती हैं जो HCF नेटवर्क में नहीं है, तो आपको अतिरिक्त ख़र्चा वहन करना पड़ सकता है। आपके बीमे के स्तर के अनुसार, विशेषज्ञ और हमारे नेटवर्क से बाहर के डॉक्टर से मिलने के लिए हम आपको मेडिकेयर बेनिफिट शेड्यूल (MBS) की फ़ीस का 100% तक अदा करेंगे।



# हमने आपके लिए कवर उपलब्ध कराया है

## अस्पताल में और उसके बाहर मुझे कौन सी सेवाओं के लिए कवर किया जाएगा?

### अस्पताल में दी जाने वाली सेवाएँ

यदि आप अस्पताल में भर्ती हैं, चाहे केवल दिन के लिए या रात्रि के लिए भी, तो आपको 'inpatient' माना जाता है। आपके ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर के अंतर्गत आपको वहाँ निवास, ऑपरेशन थिएटर, इंटेंसिव केयर, डॉक्टर की फ़ीस, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कृत्रिम बाज़ू या टाँग, और पीबीएस दवाओं के लिए लाभ प्राप्त हो सकता है, यदि ये आपके बीमे के स्तर में शामिल हैं।

आपको किन प्रकार की inpatient सेवाओं के लिए कवर मिलेगा, यह आपके द्वारा चुने गए बीमे के स्तर और इसपर निर्भर करेगा कि आप हमारे नेटवर्क के अस्पताल में हैं या कहीं और। यदि आप हमारे नेटवर्क के किसी निजी अस्पताल में जाते/जाती हैं और हमारे नेटवर्क के डॉक्टरों का इस्तेमाल करते/करती हैं (इनमें सर्जन और एनेस्थेटिस्ट शामिल हैं), तो आपको कोई अतिरिक्त ख़र्चा नहीं देना होगा या बहुत कम पैसा देना होगा (यदि आपके बीमे में एक्सेस लागू है, तो वह इसमें शामिल नहीं है)। लेकिन यदि आप किसी ऐसे डॉक्टर, निजी या सरकारी अस्पताल में जाते/जाती हैं जो हमारे नेटवर्क में नहीं है, तो आपको अत्यधिक पैसा देना पड़ सकता है। इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको कम पैसा देना पड़े, यह महत्त्वपूर्ण है कि आप हमेशा पहले हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)।


* ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश का वीज़ा प्राप्त करने, वीज़ा में परिवर्तन करने या स्थायी निवास का आवेदन करने के लिए आवश्यक कोई भी चिकित्सीय परीक्षण, एक्स-रे, टीकाकरण या अन्य उपचार अथवा रोजगार-पूर्व उद्देश्य के लिए परीक्षण शामिल नहीं हैं।

### आउटपेशियंट सेवाएँ

यदि आपको अस्पताल के बाहर इलाज की आवश्यकता है या आप अस्पताल में भर्ती नहीं होते/होती हैं, तो आपको outpatient माना जाएगा। सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली outpatient सेवाओं में शामिल हैं:

- किसी विशेषज्ञ या नियमित डॉक्टर से परामर्श
- टेस्ट और एक्स-रे के लिए अस्पताल जाना
- किसी outpatient क्लिनिक में जाना
- इमरजेंसी डिपार्टमेंट की फैसिलिटी फीस
- आपातस्थिति में एम्बुलेंस का इस्तेमाल

आपको कौन सी outpatient सेवाएँ उपलब्ध होंगी, यह आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर और इसपर निर्भर करेगा कि आप हमारे नेटवर्क के अस्पताल या डॉक्टर का चयन करते/करती हैं या नहीं। याद रखें, हमेशा पहले हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ), ताकि हम आपको सही चुनाव करने में सहायता दे सकें और आपको कम पैसा देना पड़े।







## कम पैसे भरने में अपनी सहायता के लिए हमें 24/7 फ़ोन करें

हमने अपने नेटवर्क के अस्पताल और डॉक्टरों को ढूँढना आसान बना दिया है, ताकि आपको कम पैसा देना पड़े। हमारी 24/7 हेल्पलाइन को फ़ोन करें और हम एक उचित हेल्थकेयर सेवा से आपका संपर्क कराएँगे। विशेषज्ञों की हमारी टीम आपका हमारे नेटवर्क की एक सेवा से संपर्क करवा देगी, इनमें शामिल हैं:

- नियमित चिकित्सक (GP)
- कार्यकाल के बाद GP
- विशेषज्ञ डॉक्टर
- निजी अस्पताल
- इमरजेंसी डिपार्टमेंट
- नर्सें, जो आपकी बीमारी के बारे में चर्चा करेंगी और बताएँगी कि आप क्या करें^
- व्यक्तिगत सहायता, जैसे टैक्स के बारे में सलाह, कानूनी सलाह+।

**13 68 42**

**हमारी 24/7 हेल्पलाइन पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ**

^ हेल्थकेयर सपोर्ट जीवनघाती या चिकित्सीय आपात समस्याओं के लिए नहीं है। यह एक नैदानिक सेवा नहीं है और यह किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेने की जगह नहीं ले सकती।

+ व्यक्तिगत सहायता के लिए सदस्यों को सेवा प्रदाता को उनके द्वारा ली जाने वाली फ़ीस देनी होगी।



# वर्किंग वीज़ा अस्पताल कवर

**यदि आपको वीज़ा की आवश्यकता पूरी करने के लिए निजी हेल्थ इंश्योरेंस चाहिए, तो निम्नलिखित विकल्पों में से कोई 1 चुनें।**




## हमारे GP नेटवर्क में डॉक्टर से मिलने के लिए 100% शुल्क वापस पाएँ

जब आप हमारे नेटवर्क में किसी डॉक्टर (जीपी) के पास जाते/जाती हैं, तो आप विज़िट के लिए 100% शुल्क वापिस पा सकते/सकती हैं (बेसिक कवर के अलावा)।

**13 68 42**

**हमारी 24/7 हेल्पलाइन पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ**



| | केवल अस्पताल कवर | | अस्पताल और एक्स्ट्रा पैकेजेस | |
|---|---|---|---|---|
| **विशेषताएँ** | **बेसिक** | **मिड** | **टॉप** | **टॉप प्लस** |
| **वीज़ा अनुपालन (शर्त 8501 के लिए)** | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| **एक्सेस** | $0 | $0 | आपके द्वारा दिए जाने वाले शुल्क (premium) को कम रखने के लिए $0 या $250 एक्सेस | आपके द्वारा दिए जाने वाले शुल्क (premium) को कम रखने के लिए $0 या $250 एक्सेस |
| **अस्पताल में दी जाने वाली सेवाएँ*** | | | | |
| आपके बीमा में शामिल इलाज के लिए हमारे नेटवर्क के निजी अस्पताल में निवास, ऑपरेटिंग थिएटर और कृत्रिम बाज़ू या टाँग की फ़ीस | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| आपके बीमा में शामिल इलाज के लिए डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| **आउटपेशियंट सेवाएँ** | | | | |
| डॉक्टरों और विशेषज्ञों की फ़ीस | ✕ | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| MBS^ के साथ नैदानिक सेवाएँ (जैसे रक्तजाँच, स्कैन और एक्स-रे+) | ✕ | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| आपातस्थितियों में एम्बुलेंस कवर | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| इमरजेंसी डिपार्टमेंट फीस | 100% केवल जब आप अस्पताल में भर्ती हैं | 100% केवल जब आप अस्पताल में भर्ती हैं | 100% जब आप अस्पताल में भर्ती हैं, $200 प्रति विज़िट जब आप भर्ती नहीं हैं | 100% जब आप अस्पताल में भर्ती हैं, $200 प्रति विज़िट जब आप भर्ती नहीं हैं |
| **अतिरिक्त सेवाएँ** | | | | |
| मृतक के शरीर को वापस देश भेजना | $50,000 तक | $100,000 तक | $100,000 तक | $110,000 तक |
| क्रिया-कर्म का कवर | $15,000 तक | $15,000 तक | $15,000 तक | $20,000 तक |

* कवर की जाने वाली अस्पताल की सेवाएँ आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर पर निर्भर करेंगी। यह जानने के लिए कि कौन सी अस्पताल सेवाएँ शामिल हैं, **hcfvisitorhealthcover.com** पर जाएँ और product summary या **OVHC Fund Rules** डाउनलोड करें।

^ मेडिकेयर बेनिफिट्स शेड्यूल (MBS) फ़ीस आपके प्रोसीजर के लिए मेडिकेयर द्वारा तय की गई एक मानक फ़ीस है। यदि आपका प्रदाता MBS फ़ीस से अधिक शुल्क लेता है, तो बाकी कीमत आपको देनी होगी।

+ ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश का वीज़ा प्राप्त करने, वीज़ा में परिवर्तन करने या स्थायी निवास का आवेदन करने के लिए आवश्यक कोई भी चिकित्सीय परीक्षण, एक्स-रे, टीकाकरण या अन्य उपचार अथवा रोजगार-पूर्व उद्देश्य के लिए परीक्षण शामिल नहीं हैं।

### ✓ कवर की जाने वाली (शामिल) सेवा

हमारे नेटवर्क में शामिल निजी अस्पताल या डॉक्टर के निजी मरीज के रूप में शामिल।

**नोटः** हमारे द्वारा भुगतान किए जाने वाले लाभों का स्तर इस बात पर निर्भर करेगा कि आप एचसीएफ के निजी अस्पताल नेटवर्क में भाग लेने वाले किसी अस्पताल में जाते/जाती हैं या नहीं।

आपके कवर के स्तर में शामिल सेवाओं के लिए **सार्वजनिक अस्पताल** में प्राप्त उपचार के लिए देय लाभ राजपत्रित दर पर हैं, आपके लिए आउट-ऑफ-पॉकेट लागू हो सकती है।

आपके कवर के स्तर में शामिल सेवाओं में **भाग न लेने वाले निजी अस्पताल** में प्राप्त उपचार के लिए देय लाभ केवल न्यूनतम लाभ हैं। **आउट-ऑफ-पॉकेट शुल्क काफी अधिक हो सकते हैं।**

आपके कवर के स्तर में शामिल सेवाओं में **भाग लेने वाले निजी अस्पताल** में प्राप्त उपचार के लिए देय लाभ उस अस्पताल के साथ अस्पताली अनुबंध में निर्दिष्ट किए गए होते हैं।

आपके बीमा के स्तर के आधार पर आपको कुछ outpatient सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त कीमत देनी पड़ सकती है।

हमारी 24/7 हेल्पलाइन को 13 68 42 पर कॉल करें, फिर 2 दबाएँ, ताकि हम अपने नेटवर्क में शामिल किसी अस्पताल और डॉक्टर तक पहुंचने में आपकी सहायता कर सकें।

### ✕ कवर न की जाने वाली सेवा (सेवा जो शामिल नहीं है)

### नैदानिक सेवाएँ

इसमें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश का वीज़ा प्राप्त करने, वीज़ा में परिवर्तन करने या स्थायी निवास का आवेदन करने के लिए आवश्यक कोई भी चिकित्सीय परीक्षण, एक्स-रे, टीकाकरण या अन्य उपचार अथवा रोजगार-पूर्व उद्देश्य के लिए परीक्षण शामिल नहीं हैं।

### प्रतीक्षावधियाँ (WAITING PERIODS)

Waiting period वह समय होता है जिसके लिए आपके कवर में शामिल सेवाओं के लिए दावा करने से पहले आपको प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। 2-12 महीने का waiting period लागू होगा और यह इलाज के प्रकार और इस बात पर निर्भर करता है कि क्या आपको वह बीमारी बीमा करवाने से पहले भी थी।

### एक्सेस


एक्सेस ($0 या $250) वह धनराशि होती है, जिसके भुगतान के लिए आपने अस्पताल में जाने, एक दिन के प्रवेश या रात-भर रहने के लिए सहमति दी है।

### पहले से मौजूद समस्या


यह वह बीमारी, रोग या समस्या होती है, जिसके लक्षण HCF का OVHC बीमा लेने या बीमा का स्तर बढ़ाने से तुरंत पहले के 6 माह के दौरान आपके शरीर में प्रकट हो चुके थे, चाहे आपके लिए उस बीमारी का निदान न भी किया गया हो।

परीक्षण इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर में समस्या के संकेत या लक्षण दिखाई देते हैं या नहीं; इसका निदान किया जाना आवश्यक नहीं है।

**बीमा के हरेक स्तर में क्या कवर किया जाता है, इसकी विस्तृत सूची के लिए hcfvisitorhealthcover.com पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें। आप हमारी किसी शाखा में भी जा सकते/सकती हैं या हमें 13 68 42 पर फ़ोन कर सकते/सकती हैं।**



# वर्किंग वीज़ा एक्स्ट्राज़ कवर



| वर्ग | | सेवा | प्रतीक्षावधियाँ (WAITING PERIODS) | विदेशी आगंतुक टॉप अस्पताल कवर के साथ पैकेज में<br>**टॉप**<br>वार्षिक सीमाएँ, प्रति व्यक्ति, प्रति कैलेंडर वर्ष, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो (निर्धारित लाभ प्रति सेवा आइटम के लिए लागू होते हैं)<br>सीमाएँ | विदेशी आगंतुक टॉप प्लस अस्पताल कवर के साथ पैकेज में<br>**टॉप प्लस**<br>सीमाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| जनरल डेंटल | नैदानिक और निवारक | परीक्षण, जैसे आइटम 012 | 2 महीने | $600 अधिकतम 2 चेक अप्स, 2 स्केल और सफाई और 1 फ्लोराइड उपचार प्रति व्यक्ति, प्रति कैलेंडर वर्ष | अधिकतम 2 चेक अप्स, 2 स्केल और सफाई और 1 फ्लोराइड उपचार प्रति व्यक्ति, प्रति कैलेंडर वर्ष |
| | | सिंगल फिल्म एक्स-रे, जैसे आइटम 022 (एक ही दिन में) | | | |
| | | प्लेक/कैलकुलस हटाना, जैसे आइटम 114 | | | |
| | | फ्लोराइड लगाना, जैसे आइटम 121 | | | |
| | दाँत निकालना | आसानी से दाँत निकालना, जैसे आइटम 311 | | | $1,200 (ऑर्थोडॉन्टिक्स आजीवन सीमा $2,400 ऑर्थोडॉन्टिस्ट सेवाओं के लिए, और $1,200 की उप-सीमा अन्य ऑर्थोडॉन्टिस्ट्स या अन्य दंत-चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑर्थोडॉन्टिक सेवाओं के लिए) |
| | फिलिंग्स – डायरेक्ट | डायरेक्ट फिलिंग्स (1–2 सतहें), जैसे आइटम 532 | | | |
| | | डायरेक्ट फिलिंग्स (3 या इससे अधिक सतहें), जैसे आइटम 533 | | | |
| मेजर डेंटल | फिलिंग्स – इनडायरेक्ट | इनडायरेक्ट फिलिंग्स, जैसे आइटम 555 | 12 महीने | | |
| | ओरल सर्जरी | सर्जिकल एक्सट्रैक्शन, जैसे आइटम 324 | | | |
| | | ऑक्लुसल थेरेपी, जैसे आइटम 965 | | | |
| | पेरियोडॉन्टिक्स | दांतों के आस-पास स्थित ऊतकों का उपचार, जैसे डेंटिस्ट द्वारा आइटम 222 | | | |
| | एंडोडॉन्टिक्स | रूट कैनाल का उपचार, जैसे आइटम 415 | | | |
| | क्राउन्स और ब्रिजेस | क्राउन्स और ब्रिजेस लगाना, जैसे आइटम 613 | | | |
| | डेन्चर | डेन्चर और/या घटक (आंशिक और संपूर्ण), जैसे आइटम 711. सीमाएँ हरेक 36 महीनों में रिन्यु की जाती हैं | | | |
| | ऑर्थोडॉन्टिक्स | ऑर्थोडॉन्टिस्ट/अन्य डेंटिस्ट द्वारा दांतों और जबड़ों का सुधार, जैसे आइटम 831 | | × | |
| ऑप्टिकल | चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस | चश्मे के फ्रेम, जैसे आइटम V110 | 2 महीने | $150 | $250 |
| | | चश्मे के लेंस – जोड़ी*, जैसे आइटम V212 | | | |
| | | कॉन्टैक्ट लेंस – जोड़ी*, जैसे आइटम V852 | | | |
| | आँखों का परीक्षण | आँखों का परीक्षण (एमबीएस आइटम) | | हरेक 36 महीनों में एक बार आँखों की जांच | हरेक 36 महीनों में एक बार आँखों की जांच |
| थेरेपी | सर्वप्रथम/उसके बाद | फिजियोथेरेपी (समूह और/या कक्षाओं के अलावा) | 2 महीने (फुट ऑर्थोटिक्स के लिए 12 महीने) | $350 (नैचुरल थेरेपी के साथ संयुक्त) | $600 |
| | | व्यायाम फिजियोथेरेपी (समूह और/या कक्षाओं के अलावा) | | | |
| | | काइरोप्रैक्टिक | | | $500 अधिकतम $1,000 प्रति पॉलिसी |
| | | ऑस्टियोपैथी | | | |
| | | पोडियाट्री (ऑर्थोटिक्स सहित) | | × | $250 ऑर्थोटिक्स के लिए $150 उप-सीमा |
| | | डायटेटिक्स | | | |
| नैचुरल थेरेपी | सर्वप्रथम/उसके बाद | रेमेडियल मसाज | | $150 उप-सीमा प्रति थेरेपी (थेरेपियों के साथ संयुक्त) | $450 अधिकतम $250 प्रति थेरेपी |
| | | मायोथेरेपी | | | |
| | | एक्युपंक्चर परामर्श (जड़ी बूटियों के लिए कवर नहीं) | | | |
| | | चीनी हर्बल औषधि परामर्श (जड़ी बूटियों के लिए कवर नहीं) | | | |

## लोकप्रिय एक्स्ट्राज़ के लिए 100% शुल्क वापिस पाएँ

टॉप और टॉप प्लस में आपको हमारे नेटवर्क में शामिल अतिरिक्त प्रदाताओं से अपनी वार्षिक सीमा का 100% तक वापिस मिल सकता है। इसमें शामिल है:

- हमारे नेटवर्क के माध्यम से डेंटल चेक-अप्स
- हमारे नेटवर्क के माध्यम से आपकी आँखों की जांच के साथ नुस्खे का चश्मा और निःशुल्क डिजिटल रेटिनल इमेजिंग*
- हमारे नेटवर्क में शामिल काइरो और ऑस्टियो के पास पहली विज़िट
- हमारे नेटवर्क में शामिल फिजियो के पास पहली विज़िट
- केवल टॉप प्लस में, हमारे नेटवर्क में शामिल पोडियाट्रिस्ट के पास पहली विज़िट।

* लेंस कोटिंग और हाइ इंडेक्स मैटिरियल जैसे एड-ऑन शामिल नहीं हैं।

**× कवर न की जाने वाली सेवा (सेवा जो शामिल नहीं है)**

HCF हमारे एक्स्ट्राज़ उत्पादों में कुछ सेवाएँ कवर नहीं करता है। निम्नलिखित सेवाओं के लिए HCF की ओर से कोई लाभ देय नहीं होगा:

- आउटपेशियंट मनोविज्ञान सेवाएँ
- व्यावसायिक थेरेपी
- ऑडियोलॉजी
- स्पीच पैथोलॉजी
- एलेक्ज़ेंडर तकनीक
- हियरिंग एड्स, कृत्रिम एड्स
- स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम
- स्कूल दुर्घटना लाभ
- पोषण परामर्श
- नैचुरोपैथी।



# आगंतुक वीज़ा कवर

**यदि आपको वीज़ा लेने के लिए निजी हेल्थ इंश्योरेंस की आवश्यकता न हो, तो भी इसे लेने से आपको तसल्ली हो जाएगी। आप यह जानते हुए ऑस्ट्रेलिया में रहने का पूरा मज़ा ले सकते/सकती हैं कि यदि आप अचानक बीमार या दुर्घटनाग्रस्त हो जाएँ, तो आपको इसका कवर मिलेगा।**

**ये कवर वीज़ा की 8501 शर्त के लिए स्वास्थ्य बीमा आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं।**



## डॉक्टर के पास या अस्पताल जाने से पहले हमें 24/7 फ़ोन करें

हमने अपने नेटवर्क के अस्पताल और डॉक्टरों को ढूँढना आसान बना दिया है, ताकि आपको कम पैसा देना पड़े। हमारी 24/7 हेल्पलाइन पर कॉल करें और हमारे विशेषज्ञों की टीम आपको सही स्वास्थ्य-देखभाल सेवा के साथ जोड़ेगी।

**13 68 42**

**हमारी 24/7 हेल्पलाइन को फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ**



## हमारे GP नेटवर्क में डॉक्टर विज़िट का 100% शुल्क वापिस पाएँ

जब आप हमारे नेटवर्क में शामिल डॉक्टर (जीपी) के पास जाते/जाती हैं, तो आप विज़िट का 100% शुल्क वापिस पा सकते/सकती हैं (बेसिक कवर के अलावा)।

**13 68 42**

**हमारी 24/7 हेल्पलाइन को फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ**

| | केवल अस्पताल के लिए कवर | | |
|---|---|---|---|
| **विशेषताएँ** | **कम समय के लिए भर्ती** | **एसेंशियल्स** | **एसेंशियल्स प्लस** |
| **वीज़ा अनुपालन (शर्त 8501 के लिए)** | ✕ | ✕ | ✕ |
| **एक्सेस** | $250 | $250 | $250 |
| **अकेले व्यक्तियों और दंपत्तियों के लिए उपलब्ध है** | ✓ | ✓ | ✓ |
| **परिवारों के लिए उपलब्ध है** | ✕ | ✓ | ✓ |
| **पहले से मौजूद समस्याओं के लिए कवर** (शामिल सेवाओं के लिए और प्रासंगिक प्रतीक्षावधि पूरी होने के बाद) | ✕ | ✓ | ✓ |
| **अस्पताल में दी जाने वाली सेवाएँ*** | | | |
| आपके बीमा में शामिल इलाज के लिए हमारे नेटवर्क के निजी अस्पताल में निवास, ऑपरेटिंग थिएटर और कृत्रिम बाज़ू या टाँग की फ़ीस | ✓ | ✓ | ✓ |
| आपके बीमा में शामिल इलाज के लिए डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| **आउटपेशियंट सेवाएँ** | | | |
| डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| MBS^ के साथ नैदानिक सेवाएँ (जैसे रक्तजाँच, स्कैन और एक्स-रे+) | 100% MBS^ | 100% MBS^ | 100% MBS^ |
| आपातस्थितियों में एम्बुलेंस कवर | ✓ | ✓ | ✓ |
| अधिकतम $200 प्रति विज़िट इमरजेंसी डिपार्टमेंट फीस | ✓ | ✓ | ✓ |

* कवर की जाने वाली अस्पताल की सेवाएँ आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर पर निर्भर करेंगी। यह जानने के लिए कि कौन सी अस्पताल सेवाएँ शामिल हैं, **hcfvisitorhealthcover.com** पर जाएँ और product summary या **OVHC Fund Rules** डाउनलोड करें।

^ मेडिकेयर बेनिफिट शेड्यूल (MBS) फ़ीस आपके प्रोसीजर के लिए मेडिकेयर द्वारा तय की गई एक मानक फ़ीस है। यदि आपका प्रदाता MBS फ़ीस से अधिक शुल्क लेता है, तो बाकी कीमत आपको देनी होगी।

+ ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश का वीज़ा प्राप्त करने, वीज़ा में परिवर्तन करने या स्थायी निवास का आवेदन करने के लिए आवश्यक कोई भी चिकित्सीय परीक्षण, एक्स-रे, टीकाकरण या अन्य उपचार अथवा रोजगार-पूर्व उद्देश्य के लिए परीक्षण शामिल नहीं हैं।

### ✓ कवर की जाने वाली (शामिल) सेवा

हमारे नेटवर्क में शामिल निजी अस्पताल या डॉक्टर के निजी मरीज के रूप में शामिल।

**नोटः** सार्वजनिक या भाग न लेने वाले निजी अस्पतालों में प्राप्त सभी उपचार, जिसमें आपके कवर के स्तर में कवर होने के रूप में सूचीबद्ध सेवाएँ या समस्याएँ भी शामिल हैं, केवल न्यूनतम लाभ पर देय हैं और आपको स्वयं अतिरिक्त लागतों का भुगतान करने की आवश्यकता होगी। **आउट-ऑफ-पॉकेट शुल्क काफी अधिक हो सकते हैं।** आपके बीमा के स्तर के आधार पर आपको कुछ outpatient सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त कीमत देनी पड़ सकती है।

### ✕ कवर न की जाने वाली सेवा (सेवा जो शामिल नहीं है)

### नैदानिक सेवाएँ

इसमें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश का वीज़ा प्राप्त करने, वीज़ा में परिवर्तन करने या स्थायी निवास का आवेदन करने के लिए आवश्यक कोई भी चिकित्सीय परीक्षण, एक्स-रे, टीकाकरण या अन्य उपचार अथवा रोजगार-पूर्व उद्देश्य के लिए परीक्षण शामिल नहीं हैं।

### प्रतीक्षावधियाँ (WAITING PERIODS)

Waiting period वह समय होता है जिसके लिए आपके कवर में शामिल सेवाओं के लिए दावा करने से पहले आपको प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। 2-12 महीने का waiting period लागू होगा और यह इलाज के प्रकार पर और इस बात पर निर्भर करता है कि क्या आपको वह बीमारी बीमा करवाने से पहले भी थी।

### एक्सेस

एक्सेस वह धनराशि ($250) होती है, जिसके भुगतान के लिए आपने अस्पताल में जाने, एक दिन के प्रवेश या रात-भर रहने के लिए सहमति दी है।

### पहले से मौजूद समस्या

यह वह बीमारी, रोग या समस्या होती है, जिसके लक्षण HCF का OVHC बीमा लेने या बीमा का स्तर बढ़ाने से तुरंत पहले के 6 माह के दौरान आपके शरीर में प्रकट हो चुके थे, चाहे आपके लिए उस बीमारी का निदान न भी किया गया हो। परीक्षण इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर में समस्या के संकेत या लक्षण प्रदर्शित होते हैं या नहीं; इसके लिए निदान किया जाना आवश्यक नहीं है।

**बीमा के हर स्तर में क्या कवर किया जाता है, इसकी विस्तृत सूची के लिए hcfvisitorhealthcover.com पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें। आप हमारी किसी शाखा में भी जा सकते/सकती हैं या हमें 13 68 42 पर फ़ोन कर सकते/सकती हैं।**

# HCF का सदस्य बनना इतना आसान है, जैसे 1, 2, 3 की गिनती!

1. शुल्क का अंदाज़ा लेने के लिए हमें फ़ोन करें या किसी शाखा में जाएँ।
2. आपको किस स्तर का कवर चाहिए, इसका चयन करें।
3. जब आप सदस्य बन जाते/जाती हैं तो हम आपका स्वागत करने के लिए एक ईमेल भेजेंगे। यदि आपने वीज़ा की शर्तों के अनुरूप बीमा चुना है, तो इसमें डिपार्टमेंट ऑफ़ होम अफेयर्स को देने के लिए एक पत्र भी शामिल होगा (यदि आप ऐसा बीमा चुनते/चुनती हैं जो वीज़ा की शर्तों के अनुरूप नहीं है, तो हम आपको यह पत्र नहीं दे सकेंगे)।

**The Hospitals Contribution Fund of Australia Limited**
**एबीएन 68 000 026 746 एएफएसएल 241 414**

HCF House: 403 George Street, Sydney NSW 2000
Postal Address: GPO Box 4242, Sydney NSW 2001

**hcfvisitorhealthcover.com**